# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Sunita Devi, (Reg. No. 1220315 ) Add:- W/o Manoj Kumar Singh, Lichi Ganchi Prabhat Nagar Nazipur Shekhpur Dist- Muzaffarpur Bihar, Pincode- 842002 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10272 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत किये जाने के विरूद्ध दिनांक 08.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

14/11/2025

## आदेश

याचिकाकर्त्ता/संवेदक Sunita Devi, Add:- W/o Manoj Kumar Singh, Lichi Ganchi Prabhat Nagar Nazipur Shekhpur Dist- Muzaffarpur Bihar, Pincode- 842002 उपस्थित एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड अनुपस्थित।

प्रस्तुत मामला ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बेलसंड के अधीन **MGSY** योजनान्तर्गत Package No.- MGSY/ 24-25/Belsand/02 (Tender Id-140632) की निविदा में संवेदक Sunita Devi, (Reg. No. 1220315) द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण–पत्र जाली/फर्जी होने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में विहित प्रावधान के आलोक में विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10272 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 08.10.2025 को अपना अपील अभ्यावेदन समर्पित किया गया।

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है :–

1. प्रश्नगत निविदा में संवेदक द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निर्गम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, सहरसा के पत्रांक 1276 दिनांक 25.11.2024 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया।
2. उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र के संबंध में वरीय परियोजना अभियंता का कार्यालय, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, सहरसा के पत्रांक Doc No. BRPNL /SHH/010/568 Dt. 23.05.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि उक्त अनुभव प्रमाण–पत्र उनके प्रमंडल से निर्गत नहीं किया गया है।
3. तदालोक में संदर्भित निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण–पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली (ग्रामीण कार्य विभाग) 2007 के नियम 11 (क) में निहित प्रावधान के तहत विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 10272 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया गया है।
4. उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक द्वारा दिनांक 08.10.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के माध्यम से प्रतिवेदित किया गया कि निविदा एवं अन्य सभी कार्यो का निष्पादन इनके पति द्वारा किया जाता है। इनके पति पिछले 6 (छः) माह से हृदय रोग से ग्रसीत रहने के कारण इनके स्टाफ द्वारा गलत मनसा से उक्त निविदा में गलत अनुभव प्रमाण–पत्र अपलोड कर दिया गया।

संवेदक द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के क्रम में संदर्भित निविदा में फर्जी कागजात समर्पित किये जाने के संबंध में क्षमायाचना करते हुए तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

वर्णित तथ्यों एवं प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त Sunita Devi, (Reg. No. 1220315 ) से प्राप्त अपील अभ्यावेदन पर विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश संख्या ज्ञापांक–10272 दिनांक 24.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए की गयी कालीकृत (Blacklist) आदेश को निरस्त **(Set aside)** करते हुए संबंधित संवेदक के निबंधन (Reg. No. 1220315) को दिनांक 24.09.2025 से 03 (तीनः) माह के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–223 / 2025 11762 / पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–223 / 2025 11762 / पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–223 / 2025 11762 / पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–14 / अ0प्र0–14–223 / 2025 11762 / पटना, दिनांक 20.11.25

निबंधत

प्रतिलिपिः– संवेदक Sunita Devi, Add:- W/o Manoj Kumar Singh, Lichi Ganchi Prabhat Nagar Nazipur Shekhpur Dist- Muzaffarpur Bihar, Pincode- 842002 को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–223 / 2025 11762 / पटना, दिनांक– 20.11.25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/11/25
सरकार के संयुक्त सचिव